दुर्घटना बड़वारा थाना क्षेत्र के से निकले नेशनल हाइवे 43 पर जगतपुर उमरिया के पास हुआ हादसा

कार और बाइक में भिड़ंत, 4 की मौत, 5 घायल

नवभारत, कटनी। बड़वारा थाना क्षेत्र में आने वाले नेशनल हाइवे 43 पर जगतपुर उमरिया के पास सोमवार रात हुई कार और बाइक की आमने सामने भिड़ंत में एक चार युवकों की मौत हो गई है, जबकि पांच लोग घायल हो गए हैं। घटना के के बाद हाइवे में करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेस के माध्यम से बड़वारा अस्पताल भेजा। जहां पर डॉक्टरों ने युवकों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि उमरिया जिले के मानपुर थाना क्षेत्र निवासी रामकिशोर सिंह (26), रामदास सिंह (18) और इंद्रभान सिंह (25) महाराष्ट्र में मजदूरी का कार्य करने के लिए गए थे। जहां से तीनों सोमवार को अपने घर लौट रहे थे। तीनों को गांव तक लाने के लिए मानपुर थाना क्षेत्र निवासी धीरेन्द्र सिंह (18) बाइक से कटनी स्टेशन आया था। जिसके बाद चारों बाइक में सवार होकर गांव जा रहे थे, इसी दौरान नेशनल हाइवे 43 में जगतपुर उमरिया के पास उनकी बाइक सामने से आ रही कार से टकरा गई। जिसके कारण बाइक चारों युवक रामकिशोर, धीरेन्द्र सिंह, रामदास सिंह और इंद्रभान सिंह की मौत हो गई।

वहीं कार में सवार राजगढ़ निवासी संपत बाई, सोनू पिता अमर सिंह (22), मदन लाल सिंगा (62), कैलाश पिता रमेश तेवर (25) और प्रेम सिंह पिता वंशीलाल (36) को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को प्राथमिक इलाज करने के बाद सभी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। कार सवार सभी लोग राजगढ़ से अनूपपुर जिले में अपने रिश्तेदारों के यहां गए थे और वहीं से लौट रहे थे। इस बीच यह हादसा हो गया। जिसमें बाइक सवार चार युवकों की मौत हो गई और कार सवार पांच लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण की विवेचना शुरू कर दी गई है। जिला अस्पताल में घायलों का इलाज किया जा रहा है।

समस्या का समाधान नहीं करना तो बंद करें जनसुनवाई

जनसुनवाई में परिवार ने दी आत्महत्या की चेतावनी

नवभारत, कटनी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित की गई जनसुनवाई के दौरान जमकर हंगामा हुआ। नाली की समस्या से परेशान एक परिवार ने अधिकारियों के सामने आत्मघाती उठाने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार पीर बाबा क्षेत्र निवासी कमोद प्रसाद विश्वकर्मा अपनी पत्नी और छोटी बच्ची के साथ शिकायत लेकर जनसुनवाई में आए थे, कमोद प्रसाद विश्वकर्मा का कहना है कि पिछले पांच सालों से घर के पास नाली का पानी भर रहा है। गंदा पानी निकलने की व्यवस्था नहीं है। परिवार का आरोप है कि वे हर मंगलवार को जनसुनवाई में आते हैं और आवेदन देते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। कमोद प्रसाद का आरोप है कि जब उन्होंने अपनी बात रखनी चाही, तो अधिकारियों ने उन्हें बाहर जाने को कह दिया। जिसके बाद कमोद आक्रोशित हो गया और उसने जनसुनवाई में कहा कि जब समस्या का निराकरण नहीं किया जा रहा है तो ऐसी जनसुनवाई को बंद कर देना चाहिए। इस दौरान उनकी पत्नी ने भी अधिकारियों के प्रति नाराजगी जाई और आत्महत्या की बात कही। हंगामे की सूचना मिलने पर सीएसपी नेहा पचीसिया मौके पर पहुंचीं और नाराज परिवार को समझाकर शांत कराया। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने परिवार को एक बार फिर भरोसा दिलाया कि उनकी समस्या का जल्द ही निराकरण किया जाएगा।

एक नजर में

सड़क हादसों के पीड़ितों को मिलेगा कैशलेस इलाज

नवभारत, कटनी। सड़क दुर्घटनाओं के दौरान गोल्डन ऑवर दुर्घटना के बाद का पहला घंटे में पीड़ितों की जान बचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम 2025 शुरू की गई है। इस योजना के तहत अब दुर्घटना का शिकार हुए किसी भी व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती होने के लिए तत्काल पैसों की चिंता नहीं करनी होगी। प्रत्येक पीड़ित को दुर्घटना के सात दिनों तक अधिकतम 1.5 लाख रूपए तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। योजनांतर्गत आयुष्मान भारत से जुड़े सभी अस्पताल और योजना में विशेष रूप से नामांकित अन्य अस्पताल इस योजना का लाभ देंगे। अस्पताल को पूर्व-प्राधिकरण का इंतजार किए बिना तत्काल इलाज शुरू करना होगा। योजना के तहत पुलिस की प्राथमिकता पीड़ित को अस्पताल पहुंचाना होगी। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचकर इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट पर विवरण भरेंगे, जिससे पीड़ित की एक यूनिक आईडी बनेगी। पीड़ित सीधे अस्पताल पहुंचता है, तो पुलिस को 24 घंटे के भीतर पुष्टि करनी होगी कि वह वास्तविक सड़क दुर्घटना का शिकार है। पुलिस पीड़ित की पहचान स्थापित कर उसके परिवार को सूचित करने का प्रयास करेगी। कोई भी व्यक्ति सड़क दुर्घटना की सूचना देने के लिए आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली 112 हेल्पलाइन पर डायल कर सकता है। 112 पर उत्तरदाता कॉल करने वाले को निकटतम नामित अस्पताल का विवरण देगा और दुर्घटना स्थल पर क्षेत्राधिकार वाले पुलिस स्टेशन को भी विवरण अग्रेषित करेगा। पीड़ित या पीड़ित का परिवार दुर्घटना की रिपोर्ट 112 पर करने का निर्णय लेता है, तो वे 112 ऑपरेटर को दुर्घटना के संबंध में प्रारंभिक विवरण देंगे। इसके बाद 112 ऑपरेटर दुर्घटना स्थल जिस पुलिस स्टेशन के क्षेत्राधिकार में आता है, उसे दुर्घटना स्थल, पीड़ित या पीड़ितों का विवरण और नामित अस्पताल का विवरण भेजेगा। पुलिस सहायता के बिना अस्पताल पहुंचता है, तो अस्पताल ट्रांजेक्शन मैनेजमेंट सिस्टम पर आईडी बनाएगा।

फांसी के फंदे में लटकी मिली बुजुर्ग महिला, गांव में मातम का माहौल

पुलिस ने दर्ज किया प्रकरण, जांच शुरू

नवभारत, बाकल। जिले के बाकल थाना अंतर्गत ग्राम बसेहड़ी में रविवार रात एक 60 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पूरे गांव में शोक और सनसनी का माहौल है। मृतका की पहचान फूला बाई पति हीरा लाल लोधी (60) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार रविवार रात करीब 8 बजे उन्होंने घर की बड़ेरी में फंदा बनाकर आत्मघाती कदम उठा लिया। काफी देर तक कोई आहट नहीं मिलने पर परिजनों ने देखा तो वे फांसी के फंदे पर लटकी हुईं मिलीं। घटना की सूचना तत्काल बाकल थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा तैयार किया। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहोरीबंद भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। वही पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

स्लीमनाबाद स्टेशन में यात्री ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

अंबिकापुर इंटरसिटी, लखनऊ एक्सप्रेस के ठहराव की मांग

नवभारत, कटनी। जिले के स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन पर नहीं रूकने वाली यात्री ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग को लेकर मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने रेल रोको आंदोलन किया। ट्रेन के स्टॉपेज की मांग को लेकर दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने स्टेशन के बाहर पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन में किसी तरह की अप्रिय स्थिति नहीं बने, लिहाजा आरपीएफ के अलावा काफी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। साथ ही स्टेशन के बाहर बैरिकेडिंग की गई थी, ताकि ग्रामीण रेल ट्रेक तक नहीं पहुंच सके। रेलवे स्टेशन के पास आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस ने पटरियों के चारों ओर बैरिकेड्स लगा दिए थे। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हल्की धक्का-मुक्की और नोकझोंक भी हुई। हालांकि स्थिति को बिगड़ने से पहले ही नियंत्रण में कर लिया गया। इस बीच मौके पर पहुंचे रेलवे के अफसरों और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों की मांग को सुना और उनका ज्ञापन लिया। रेलवे अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि वे इस मांग को उच्च स्तर तक भेजेंगे और जल्द ही कोई फैसला लिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त कर दिया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों का कहना था कि स्लीमनाबाद एक बड़ा व्यापारिक केंद्र है, यहां जबलपुर-अंबिकापुर सिंगरौली इंटरसिटी और जबलपुर-चित्रकूट एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनें नहीं रुकतीं। इस कारण छात्र-छात्राओं, मरीजों और व्यापारियों को आने-जाने में काफी परेशानी होती है। लोगों ने आरोप लगाया कि रेलवे प्रशासन लंबे समय से उनकी मांगों ट्रेन के स्टॉपेज संबंधी मांगों को अनसुना कर रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि जल्द ही ट्रेनों का रुकना शुरू नहीं हुआ, तो अगली बार बिना सूचना के बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन में के दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रदीप त्रिपाठी, अमरदीप साहू, दीपक तिवारी, सरपंच कल्लू दास बैरागी, मदन सिंह, जगदेव पटेल, महेंद्र दुबे, रामानुज पांडे, ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, सीताराम दुबे, अमित गर्ग और विजय साहू सहित दीनू पांडे, संटु अग्रहरि, अरविंद अग्रहरि, संतोष सिंह, विक्की जैन, अजय विश्वकर्मा, बिंदेश्वरी पटेल, गंगाधर बड़गैया, अविनाश तिवारी, मंगल सिंह, माधुरी जैन, अजय नामदेव, जितेंद्र सिंह, विपिन सिंह और लालू खान जैसे अनेक गणमान्य नागरिक व भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

बैग के अंदर गांजा लेकर जा रहे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

एनकेजे थाना क्षेत्र के बजरंग कॉलोनी से युवक को पकड़ा

नवभारत, कटनी। एनकेजे थाना अंतर्गत बजरंग कॉलोनी नदी पुल के पास से पुलिस ने एक युवक को गांजा सहित पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी से लगभग तीन किलो 811 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत करीब 55 हजार रूपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना क्षेत्र में नशे पर अंकुश लगाने के लिए निर्देश दिए गए हैं, निर्देशों के पालन में पुलिस टीम क्षेत्र का गश्त कर रही थी। भ्रमण दौरान बजरंग कालोनी नदी पुल के पास एक संदिग्ध युवक को पीठ में बैग टांगे देखा गया। संदेह होने पर पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह दुर्गा चौक खिरहनी निवासी हरिओम राजपूत है। पुलिस टीम ने उसके पास रखे बैग की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके बैग के अंदर गांजा मिला। गांजा चार पन्नियों के पैकेट में भरकर रखा गया था। पुलिस ने युवक के पास से मिले गांजा को जब्त कर लिया है। गांजा की कीमत लगभग 55 हजार रूपए आंकी गई है। पुलिस ने आरोपी युवक हरिओम राजपूत के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। प्रकरण कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी युवक के खिलाफ अलग अलग थानो में एनडीपीएस एक्ट के मामले भी दर्ज हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी एसआई रुपेन्द्र राजपूत, एएसआई मनोज कोडापे, सहपाल परतेती, केवल उइके, प्रधान आरक्षक प्रहलाद सैयाम, शैलेष दमोहिया, सहित अन्य आरक्षकों की भूमिक रही।

मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढों से बढ़ा हादसों का खतरा

उमरियापान-सिहोरा मार्ग की स्थिति बेहद खराब

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान से सिहोरा जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग की हालत इन दिनों बेहद खराब हो गई है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। विशेष रूप से उमरियापान से लगभग तीन किलोमीटर आगे पकरिया ग्राम के समीप सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है, जहां बड़े गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटना होने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया, चारपहिया और भारी वाहन गुजरते हैं, लेकिन सड़क की खराब हालत के कारण वाहन चालकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार वाहन चालक गड्ढों से बचने के प्रयास में संतुलन खो बैठते हैं, जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। खासकर रात के समय और बारिश के दिनों में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, क्योंकि गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क की मरम्मत की मांग कई बार संबंधित विभाग से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण क्षेत्र के लोगों में नाराजगी भी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है कि समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई तो कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने प्रशासन और लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि उमरियापान से सिहोरा सड़क मार्ग पर पकरिया ग्राम के समीप बने गड्ढों को जल्द से जल्द भरवाकर सड़क की मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में की गई जांच, दी गई दवाएं

सेवा सप्ताह के रूप में मनाया गया स्मृति दिवस

नवभारत, कटनी। सरस्वती ताई आप्टे स्मृति दिवस को सेवा सप्ताह के रूप में मनाया गई। इस अवसर पर शहर के संत नगर क्षेत्र में मातृशक्तियों का स्वास्थ्य प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सरकारी अस्पताल में प्रसूति रोग विशेषज्ञ के रूप में कार्यरत डॉ हर्षिता गुप्ता, डॉ सीमा शिवहरे ने सभी महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। सर्वाइकल कैंसर के संबंध में जानकारी दी गई। महिलाओं और बच्चों को स्वच्छता के महत्व को बताया गया। राष्ट्र सेविका समिति द्वारा विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से समय-समय पर मातृ शक्तियों के लिए ऐसे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर 136 महिलाओं की जांच कर परामर्श दिया गया और नि:शुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया।

सड़क हादसे में दो गंभीर

नवभारत, उमरियापान। जिले के उमरियापान थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बम्हनी के पास मंगलवार को एक सड़क हादसें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार उमरियापान निवासी शिवम पिता राजेश बर्मन अपने साथी के साथ बाइक में सवार होकर जा रहा था, इसी दौरान बम्हनी के पास ट्रैक्टर-कल्टीवेटर से टकरा गई। हादसे में शिवम बर्मन और उनके साथी को गंभीर चोट आई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उमरियापान स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया, जहां से दोनों को जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

समीक्षा लक्ष्य के अनुसार टैक्स वसूली नहीं करने पर आयुक्त ने दिया 15 कर्मचारियों को नोटिस, मांगा जवाब

वित्तीय वर्ष समाप्ति के 20 दिन बचे, लक्ष्य अनुसार कर वसूली नहीं होने पर कार्रवाई तय

नवभारत, कटनी। नगर निगम में आयोजित राजस्व वसूली कार्य की समीक्षा बैठक में आयुक्त तपस्या परिहार ने कहा कि राजस्व वसूली नगर प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही किसी भी हालत में स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होने गठित टीम के सभी राजस्व अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने-अपने वार्डों में सक्रिय होकर बकायादारों से संपर्क कर निर्धारित लक्ष्य के अनुसार वसूली की जाए।

नगर निगम आयुक्त ने राजस्व वसूली कार्य की वार्डवार और कर्मचारी वार समीक्षा की। उन्होने लक्ष्य के अनुसार प्रगति नहीं होने पर नाराजगी जताई और राजस्व वसूली कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की हिदायत दी। नगर निगम आयुक्त वार्डवार संपत्ति कर, जल उपभोक्ता प्रभार सहित अन्य राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए 30 प्रतिशत से कम वसूली करने वाले वसूली करने वाले 15 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश राजस्व अधिकारी को दिए। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति में अब मात्र 21 दिन बचे हैं। ऐसे में लक्ष्य के अनुसार वसूली नहीं करने वाले अन्य कर्मचारी भी अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए तैयार रहें। उन्होंने वसूली टीम को वार्ड का नियमित भ्रमण कर बकाएदारों से डोर-टू-डोर संपर्क करने के साथ ही विशेष अभियान चलाकर राजस्व वसूली कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त ने 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत की तैयारियों की भी समीक्षा की।

उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक नागरिकों को लोक अदालत का लाभ दिलाने के लिए समय रहते व्यापक योजना तैयार कर ली जाए। उन्होंने शेष बचे करदाताओं की वार्डवार सूची तैयार कर गठित टीमों के माध्यम से नागरिकों से संपर्क करने, लोक अदालत में मिलने वाली छूट की जानकारी देकर अधिक से अधिक बकाया करों की वसूली करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने लोक अदालत के दौरान प्रत्येक काउंटर में पीओएस मशीन अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने लोक अदालत शिविरों के स्थल, काउंटर व्यवस्था, विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, सहायक राजस्व अधिकारी सागर नायक सहित वसूली टीम के अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति रही।